भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 273
दिनांक 02 दिसंबर, 2025 / 11 अग्रहायण, 1947 (शक) को उत्तर के लिए

तिरुचिरापल्ली अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन पर सीआईएसएफ कार्मिकों की कमी

†273. श्री दुरई वाईकोः

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि तिरुचिरापल्ली अंतरराष्ट्रीय विमानपत्तन, जिसे हाल ही में एक नए एकीकृत टर्मिनल भवन के साथ विस्तारित किया गया है, को सीआईएसएफ कार्मिकों की कमी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे इष्टतम सुरक्षा कवरेज और यात्री आवागमन प्रभावित हो रहा है;

(ख) क्या भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) या तिरुचिरापल्ली विमानपत्तन के निदेशक ने टर्मिनल की बढ़ी हुई यात्री-प्रबंधन क्षमता के मद्देनजर सीआईएसएफ की जनशक्ति में वृद्धि के लिए गृह मंत्रालय को एक अनुरोध किया है;

(ग) यदि हां, तो तिरुचिराल्ली विमान पत्तन पर स्वीकृत संख्या और सीआईएसएफ कार्मिकों की वर्तमान तैनाती का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का नए टर्मिनल के संचालन और सुरक्षा व्यवस्था की आवश्यकता को पूरा करने के लिए अतिरिक्त सीआईएसएफ कार्मिकों को मंजूरी देने और तैनात करने का प्रस्ताव है; और

(ङ) यदि हां, तो सभी टर्मिनल परिचालनों के सुचारु और सुरक्षित कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए तिरुचिरापल्ली विमानपत्तन पर बढ़ी हुई क्षमता को कब तक स्वीकृत और तैनात किए जाने की संभावना है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री नित्यानंद राय)

(क) से (ङ): वर्तमान में, त्रिची हवाईअड्डे पर 385 की स्वीकृत क्षमता में से 373 केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) कार्मिक तैनात हैं। नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस), नागर विमानन मंत्रालय (एमओसीए) द्वारा जनशक्ति संबंधी पुनः सर्वेक्षण किया गया है और त्रिची हवाईअड्डे के लिए संशोधित सीआईएसएफ कार्मिक क्षमता 738 निर्धारित की गई है।

*****